# महावीर जयंती

[स्रोत: पी.आई.बी.](#)

हाल ही में भारत के **प्रधानमंत्री** द्वारा महावीर जयंती के शुभ अवसर पर **2550वें भगवान** महावीर निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया।

- जैन महावीर स्वामी सहित **प्रत्येक तीर्थंकर के पाँच कल्याणक** (प्रमुख कार्यक्रम) होते हैं: च्यवन/गर्भ (गर्भाधान) कल्याणक; जन्म (जन्म) कल्याणक; दीक्षा (त्याग) कल्याणक; कैवल्य ज्ञान (सर्वज्ञता) कल्याणक एवं निर्वाण (मुक्ति/परम मोक्ष) कल्याणक।
- इस अवसर पर **प्रधानमंत्री ने एक स्मारक डाक टिकट तथा सिक्का** भी जारी किया।

## महावीर जयंती क्या है?

- **परिचय:**
  - महावीर जयंती, जैन समुदाय में सबसे पवित्र त्योहारों में से एक है।
  - यह दिन वर्धमान **महावीर के जन्म का प्रतीक** है, जो **24वें या अंतिम तीर्थंकर** तथा **23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ** के उत्तराधिकारी बने।
  - जैन ग्रंथों के अनुसार, भगवान **महावीर का जन्म** चैत्र माह **के शुक्ल पक्ष के 13वें दिन** हुआ था।
    - ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार, महावीर जयंती आमतौर पर मार्च या अप्रैल महीने में मनाई जाती है।
  - भगवान महावीर की मूर्ति के साथ एक जुलूस निकाला जाता है जिसे **रथ यात्रा** कहा जाता है।
  - स्तवन अथवा जैन प्रार्थनाओं का पाठ करते हुए, भगवान की मूर्तियों का औपचारिक स्नान कराया जाता है जिसे अभिषेक कहा जाता है।
- **भगवान महावीर:**
  - भगवान महावीर स्वामी ने अपनी गहन **आध्यात्मिक प्रथाओं और शिक्षाओं** के माध्यम से मानवता पर एक अमिट छाप छोड़ी।
  - बचपन में भगवान महावीर का नाम **वर्धमान** था यानी 'जो बढ़ता है'।
  - अपनी **बारह वर्ष की आध्यात्मिक साधना** के दौरान भगवान महावीर ने **चार असाधारण गुणों का प्रदर्शन** किया:
    - **गहन और अबाधित ध्यान:** उनके अटूट ध्यान ने उन्हें गहन अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद की।
    - **कठोर तपस्या:** अपनी आत्मा को शुद्ध करने के लिये उन्होंने अत्यधिक शारीरिक कष्ट सहे।
    - **दर्द की सहनशक्ति:** महावीर स्वामी ने अद्भुत सहनशक्ति का प्रदर्शन किया।
    - **सर्वश्रेष्ठ संतुलन:** उनका आंतरिक संतुलन स्थिर रहा।
  - **वैशाख** के दसवें दिन, महावीर की यात्रा एक निर्णायक क्षण पर पहुँची।
  - **इन 5 शिक्षाओं में ब्रह्मचर्य (ब्रह्मचर्य/शुद्धता) को महावीर द्वारा जोड़ा गया था।**

# वर्धमान महावीर

**24वें और अंतिम तीर्थंकर; 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ के उत्तराधिकारी ( महावीर जैन धर्म के संस्थापक नहीं थे )**

## जन्म

- कुंडलग्राम के राजा सिद्धार्थ और लिच्छवी राजकुमारी रानी त्रिशला के पुत्र
- छठी शताब्दी ईसा पूर्व में, वज्जि साम्राज्य ( आधुनिक वैशाली, बिहार )
- इक्ष्वाकु वंश से संबंधित थे

*जैन अनुयायियों के लिये सबसे शुभ त्योहारों में से एक महावीर जयंती, वर्धमान महावीर के जन्म का प्रतीक है*

## आध्यात्मिक जीवन

- 30 वर्ष की आयु में सांसारिक जीवन त्याग दिया
- 42 वर्ष की आयु में 'कैवल्य' ( सर्वज्ञता ) प्राप्त किया
- पावा ( पटना के पास ) में अपना पहला उपदेश दिया

*प्रत्येक तीर्थंकर के साथ एक प्रतीक जुड़ा होता है, महावीर का प्रतीक सिंह था*

## मृत्यु

- माना जाता है कि 72 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया और उन्होंने मोक्ष प्राप्त किया ( 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व )
- पावापुरी में निधन ( आधुनिक राजगीर, बिहार के पास )

*मोक्ष - जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति*

## उपाधियाँ

- महावीर ( महान नायक )
- जैन/जितेंद्रिय ( जिसने अपनी सभी इंद्रियों पर विजय प्राप्त की )
- निर्ग्रन्थ ( जो सभी बंधनों से मुक्त है )

## शिक्षाएँ ( जैन आगम )

- अहिंसा
- सत्य
- अस्तेय ( चोरी न करना )
- अपरिग्रह ( अनासक्ति )
- ब्रह्मचर्य ( पवित्रता ) ( महावीर द्वारा प्रतिपादित )

*महावीर और उनके शिष्यों ने आम लोगों को ज्ञान देने के लिए प्राकृत भाषा में शिक्षा दी*



Drishti IAS

## जैन धर्म क्या है?

- 'जैन' शब्द **जिन या जैन** से बना है जिसका अर्थ है 'विजेता'।
- **तीर्थंकर** एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है **'नदी निर्माता',** अर्थात् जो नदी को पार कराने में सक्षम हो, वही सांसारिक जीवन के सतत् प्रवाह से पार कराएगा।
- जैन **धर्म अहिंसा को अत्यधिक महत्त्व** देता है।
- यह **5 महाव्रतों** का उपदेश देता है:
  - अहिंसा
  - सत्य
  - अस्तेय या आचार्य (चोरी न करना)
  - अपरिग्रह (गैर-आसक्ति/गैर-आधिपत्य)
  - ब्रह्मचर्य (शुद्धता)
- इन 5 शिक्षाओं में **महावीर द्वारा ब्रह्मचर्य (ब्रह्मचर्य/शुद्धता) को जोड़ा गया था।**
- जैन धर्म के **तीन रत्न** या त्रिरत्न में शामिल हैं:
  - सम्यक् दर्शन (सही विश्वास)।
  - सम्यक् ज्ञान (सही ज्ञान)।
  - सम्यक् चरित्र (सही आचरण)।
- बाद के समय में जैन धर्म **दो संप्रदायों** में विभाजित हो गया:
  - स्थलबाहु के अधीन **श्वेतांबर** (श्वेत वस्त्रधारी)।
  - भद्रबाहु के नेतृत्व में **दिगंबर** (आकाश-आवरणधारी)।
- जैन धर्म में महत्त्वपूर्ण विचार यह है कि **पूरी दुनिया सजीव है: यहाँ तक कि पत्थरों, चट्टानों और पानी में भी जीवन है।**
- जीवित प्राणियों, विशेषकर मनुष्यों, जानवरों, पौधों और कीड़ों को चोट न पहुँचाना जैन दर्शन का केंद्र है।
- जैन की शिक्षाओं के अनुसार, **जन्म और पुनर्जन्म का चक्र कर्म के माध्यम से आकार लेता है।**
- स्वयं को कर्म के चक्र से मुक्त करने और आत्मा की मुक्ति के लिये **संन्यास एवं तपस्या** की आवश्यकता होती है।
- **संथारा** की प्रथा भी जैन धर्म का हिस्सा है।
  - यह आमरण अनशन की रस्म है। **श्वेतांबर** जैन इसे **संथारा** कहते हैं, जबकि दिगंबर इसे **सल्लेखना** कहते हैं।
  - **निखिल सोनी बनाम भारत संघ मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय** ने संथारा की जैन प्रथा को **भारतीय दंड संहिता (IPC)** के तहत दंडनीय अपराध घोषित किया। हालाँकि मामला अभी भी सर्वोच्च न्यायालय में **विचाराधीन** है।

### UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**??????????:**

**प्रश्न. भारत की धार्मिक प्रथाओं के संदर्भ में "स्थानकवासी" संप्रदाय का संबंध किससे है? (2018)**

(a) बौद्ध मत
(b) जैन मत
(c) वैष्णव मत
(d) शैव मत

**उत्तर: (b)**

---

**प्रश्न. भारत के धार्मिक इतिहास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2017)**

1. सौत्रांतिक और सम्मितीय जैन मत के संप्रदाय थे।
2. सर्वास्तिवादियों की मान्यता थी कि दृग्विषय (फिनोमिना) के अवयव पूर्णतः क्षणिक नहीं हैं, अपितु अव्यक्त रूप में सदैव विद्यमान रहते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

---

**प्रश्न. प्राचीन भारतीय इतिहास के संदर्भ में नम्िनलखिति में से कौन-सा/से बौद्ध धर्म या जैन धर्म दोनों में समान रूप से वद्यिमान था/थे? (2012)**

1. तप और भोग की अतिका परहिार
2. वेद-प्रामाण्य के प्रतिअनास्था
3. कर्मकांडों की फलवता का नषिध

**नम्िनलखिति कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनयि:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

---

**प्रश्न. अनेकांतवाद नम्िनलखिति में से कसिका मूल सद्धिांत और दर्शन है? (2009)**

(a) बौद्ध
(b) जैन
(c) सखि
(d) वैष्णव

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mahavir-jayanti-2